देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 338 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**रविवासरीय...**वरूण धवन इसी साल करेंगे शादी?



देहरादून, रविवार, 23 फरवरी 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 11.0°

41170.12

**2** धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा उठाएंगे ट्रंप

**7** जीत से बढ़ेगा भारत का आत्मविश्वास

# प्रदर्शनकारियों ने खोला एक रास्ता

■प्रदर्शनकारियों ने वार्ताकारों के सामने 7 मांगें रखी

## शाहीन बागः मतभेद, ड्रामा...एक गुट ने रास्ता खोला, दूसरे ने बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के विरोध में पिछले दो महीने से ज्यादा समय से शाहीन बाग में चल रहे प्रदर्शन के कारण बंद सड़क को प्रदर्शनकारियों ने खोल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने एक तरफ की सड़क को खोल दिया है। इससे दिल्ली से नोएडा आने–जाने वाले लाखों चालकों को काफी राहत मिलेगी।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने जिस रास्ते को खोला है, वह बेहद पतला है। इस कारण इस रास्ते से सिर्फ बाइक और कार ही नोएडा और फरीदाबाद के लिए जा पाएंगे।



**आपने रास्ता नहीं खोला तो हम आपकी मदद नहीं कर पाएंगे**

लगातार चौथे दिन शनिवार सुबह वार्ताकार रामचंद्रन यहां पहुंचीं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को रास्ता खोलने के लिए समझाया। प्रदर्शनकारियों ने वार्ताकार के समक्ष सात मांगे रखते हुए कहा कि जब तक सीएए वापस नहीं लिया जाता, तब तक रास्ते को खाली नहीं किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे यहां पहुंची साधना रामचंद्रन ने कहा, 'यदि मार्ग नहीं खुला तो हम आपकी मदद नहीं कर पाएंगे। हम प्रदर्शन खत्म करने को नहीं कह रहे हैं।'

**दूसरे गुट ने करवाया बंदः** इधर, यह भी जानकारी सामने आ रही है कि यह रास्ता कुछ ही देर के लिए खोला गया है। डीसीपी साउथ ईस्ट के मुताबिक महज कुछ मिनट के लिए कालिंदी कुंज से ठोकर नंबर 9 शाहीन बाग प्रदर्शन साइट के पास का रोड शाहीन बाग के ही कुछ प्रदर्शनकारियों ने खुलवाया। हालांकि शाहीन बाग के ही प्रदर्शनकारियों के दूसरे गुट ने इसे बंद करवा दिया।

**वार्ताकार ने सुबह रास्ता खुलनवाने पर दिया जोरः** ताजा जानकारी के अनुसार अभी सिर्फ जामिया नगर से नोएडा व फरीदाबाद जाने वाला मार्ग खोल गया है। यह वन वे है। उधर से आने वाले चालकों को इस रास्ते से जाने की सुविधा अभी नहीं मिलेगी। एक प्रदर्शनकारी ने बताया की वार्ताकार साधना रामचंद्रन शनिवार सुबह अकेले आयी थीं और उन्होंने इस बात पर फोकस किया था कि रास्ता खोला जाए। हालांकि प्रदर्शनकारी ने यह नहीं बताया कि इसे अभी कब तक खोले रखा जाएगा। उन्होंने कहा, 'मैं यहां सरकार की ओर से नहीं आई हूं। हम सुप्रीम कोर्ट से कहेंगे की आपको सुरक्षा दी जाए। आपको एक पार्क दे दिया जाएगा, जहां पर आप प्रदर्शन को जारी रख सकते हैं।'

### प्रदर्शनकारी की मांग एनपीआर नहीं हो लागू

प्रदर्शनकारियों ने आगे की मांग रखते हुए कहा, 'राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को लागू नहीं किया जाए। केंद्रीय मंत्रियों के विवादित बयानों पर कार्रवाई होनी चाहिए। आंदोलन में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा राशि दी जानी चाहिए व प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों के इलाज का खर्च सरकार वहन करे। हमें दिल्ली पुलिस पर भरोसा नहीं है, सुप्रीम कोर्ट हमारी सुरक्षा को लेकर आश्वासन दे।' वार्ताकार साधना ने प्रदर्शन स्थल से निकलते समय पत्रकारों से कहा, 'यहां आने को लेकर मैं वकील संजय हेगड़े से बात करुंगी।

**प्रदर्शनकारी वार्ताकारों की अपील का खंडन कर दिया** वार्ताकार साधना रामचंद्रन ने कहा, 'मैं यहां सरकार की ओर से नहीं आई हूं। हम सुप्रीम कोर्ट से कहेंगे की आपको सुरक्षा दी जाए। आपको एक पार्क दे दिया जाएगा, जहां पर आप प्रदर्शन को जारी रख सकते हैं।'

**शुक्रवार को भी 40 मिनट के लिए खुला था रास्ता**
बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में शाहीन बाग में पिछले दो माह से भी अधिक समय से चल रहे धरने के कारण बंद दिल्ली–नोएडा मार्ग शुक्रवार को सुबह भी कुछ देर के लिए खोला गया था। इससे लोगों को राहत की उम्मीद दिखी, लेकिन 40 मिनट में ही रास्ता फिर से बंद कर दिया गया।

**शाहीन बाग तक पैदल मार्च**
छात्रों और स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को जामिया गेट से लेकर शाहीन बाग तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेगी तब तक हम प्रदर्शन करते रहेंगे।

## निर्भयाः विनय का पैंतरा फेल, याचिका खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने निर्भया गैंगरेप व मर्डर केस के एक दोषी विनय शर्मा की याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उसने खुद को मानसिक रोगी बताते हुए मेडिकल ट्रीटमेंट की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अब तीसीर बार डेथ वॉरंट जारी किया जा चुका है और उसके मुताबिक तीनों को 3 मार्च की सुबह 6 बजे फांसी दी जानी है लेकिन दोषियों को बचाव के लिए जुगाड़ जारी है। कभी दोषी खुद को मानसिक रोगी बताते हैं, तो कभी यह तर्क देते हैं कि वह घटना के वक्त नाबालिग थे, तो कभी राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाते हैं।

# भारत से आतंक, बात साथ–साथ नहीं: पाक से यूएस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दो दिवसीय भारत दौरे से ठीक पहले वाइट हाउस ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका ने भारत के सुर में सुर मिलाते हुए कहा है कि आतंकवाद और बातचीत साथ–साथ नहीं चल सकते हैं। यह भारत का पुराना स्टैंड रहा है, जिसे अब अमेरिका ने भी दोहराया है। वाइट हाउस ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने को लेकर कोशिश कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच

भारत दौरे से पहले वाइट हाउस का पाक को लेकर बड़ा बयान

बातचीत तभी सफल होगी जब पाकिस्तान अपने देश में आतंकवादियों और चरमपंथियों पर कार्रवाई करे।

**भारत-पाकिस्तान के रिश्तों पर वाइट हाउस ने कही ये बातः** ट्रंप की आगामी भारत यात्रा के दौरान कश्मीर मुद्दे पर फिर मध्यस्थता की पेशकश किए जाने के सवाल पर वाइट हाउस के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इस दौरे पर जो कुछ भी कहेंगे वह भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने के लिए



काफी प्रेरित करने वाला होगा। उनका संबोधन दोनों देशों को अपने मतभेदों को सुलझाने और एक–दूसरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए बेहद अहम होगा।

अफगानिस्तान शांति प्रक्रिया पर अधिकारी ने कहा कि अमेरिका, भारत को प्रेरित करेगा कि वह इस शांति प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए जो कर सकता है, वह करे, जिससे यह सफल हो।

**पाक अपने देश में आतंकवादियों पर कार्रवाई**

राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप का 24 और 25 फरवरी को अहमदाबाद और नई दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। आगरा जाने का कार्यक्रम भी संभावित है। उनके साथ 12 सदस्यीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भी होगा। वाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, हमारा हमेशा से मानना है कि दोनों देशों के बीच किसी भी सफल बातचीत की नींव पाकिस्तान के अपने क्षेत्र में आतंकवादियों और चरमपंथियों पर कार्रवाई पर निर्भर है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनंतनाग में लश्कर के 2 आतंकी एनकाउंटर में ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की कोशिश कर रहे सुरक्षाबलों को आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। जिला अनंतनाग की बिजबिहाड़ा तहसील के नैना सगाम इलाके में शनिवार तड़के सुरक्ष्झाबलों ने लश्कर के दो आतंकियों को ढेर कर दिया। संगम इलाके में हुई इस मुठभेड़ में मौके से सुरक्षाबलों को भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद मिला है।

### प्रियंका गांधी ने ट्रंप पर खर्च को लेकर उठाए सवाल, बीजेपी का पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत आने से पहले राजनीति भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने डॉनल्ड ट्रंप के स्वागत में अहमदाबाद में एक समिति के जरिए 100 करोड़ रुपये खर्च पर सवाल उठाए हैं तो बीजेपी ने पलटवार करते हुए पूछा कि भारत का कद बढ़ रहा है तो कांग्रेस खुश क्यों नहीं है?

# फंसे भारतीयों के लिए विमान पर चीन का पेच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में मेडिकल सप्लाई से भरे स्पेशल विमान को वुहान जाने के लिए चीन की तरफ से अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। वहीं, अब ऐसी खबर आ रही है कि कोरोना वायरस प्रभावित चीन ने जापान, यूक्रेन और फ्रांस की उड़ानों को तो 16 से 20 फरवरी के बीच जाने की इजाजत दे दी लेकिन भारत के आधिकारिक अनुरोध को स्वीकार नहीं किया है। इससे चीन के उस दावे की पोल खुल जाती है जिसमें उसने कहा था कि भारतीय विमान को मंजूरी देने में जानबूझकर देरी नहीं कर रहा। दरअसल, भारत गुरुवार को ही वायु सेना के सबसे बड़ा मालवाहक विमान सी–17 ग्लोबमास्टर चीन भेजने वाला था और वापसी में उससे वुहान शहर व हुबेई प्रांत में फंसे नागरिकों को स्वदेश लाया जाता।

उधर, आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया, चीन ने जापान, यूक्रेन और फ्रांस की उड़ानों को 16 से 20 फरवरी के बीच संचालन की अनुमति दी थी, लेकिन भारत के अनुरोध को अभी तक मंजूरी नहीं मिली।

### मंजूरी नहीं

**भारत का आरोप, साफ वजह नहीं बताईः** सरकार से जुड़े उच्च स्तरीय सूत्र ने कहा, वुहान में रह रहे नागरिकों को वापस लाने के लिए भेजे गए विमान को मंजूरी देने में चीन जानबूझकर देरी कर रहा है। वायुसेना के विमान को चीन में चिकित्सा आपूर्ति की बड़ी खेप लेकर पहुंचना था और वुहान से भारतीयों को वापस लाना था। सूत्रों ने बताया कि चीन लगातार ये कह रहा कि विमान को मंजूरी देने में उनकी ओर से कोई देरी नहीं हुई लेकिन उसने बिना साफ वजह बताए क्लीयरेंस नहीं दी है।

**चीन ने की यह सफाई**

भारत के आरोप पर चीन दूतावास के प्रवक्ता ने सफाई देते हुए कहा है कि चीन की सरकार वहां रह रहे भारतीयों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को काफी अहमियत देती है। उन्होंने कहा, श्हमने भारतीय नागरिकों के वापस जाने में पूरी मदद मुहैया कराई। हुबेई में महामारी की स्थिति बहुत ही जटिल हो चुकी है और बचाव और रोकथाम क्रिटिकल स्टेज में है। दोनों ही देशों के विभाग इस संबंध में लगातार बातचीत कर रहे हैं। ऐसा कुछ भी नहीं है कि चीन जानबूझ कर भारतीय विमान को चीन आने की मंजूरी नहीं दे रहा है।

# भारतीयों ने मुश्किल फैसलों का खुले दिल से स्वागत किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 1.3 अरब भारतीयों ने तमाम आशंकाओं को दरकिनार कर अदालतों के हालिया मुश्किल फैसलों का खुले दिल से स्वागत किया है, जिसकी दुनियाभर में चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री ने उच्चतम न्यायालय में न्यायपालिका और बदलती दुनिया विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय न्यायपालिका सम्मेलन 2020 के उद्घाटन समारोह में अदालतों के हालिया मुश्किल फैसलों का जिक्र किया। उनका इशारा राजनीतिक रूप से संवेदनशील अयोध्या मामले पर आए ऐतिहासिक फैसले की ओर था।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in